लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 490
दिनांक 06.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

हथकरघा कामगारों के बच्चों को प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति

490. श्री. सी. आर. पाटिलः
श्री पी.पी. चौधरी:
श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी:
श्री दुष्यंत सिंहः
श्री संगम लाल गुप्ताः

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) हथकरघा बुनकर कल्याण घटक के अंतर्गत वर्ष 2023 तक हथकरघा कामगारों के बच्चों को प्रदान की गई छात्रवृत्ति का ब्यौरा क्या है:
(ख) हथकरघा बुनकरों के बच्चों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति के लिए लाभार्थियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है;
(ग) क्या सरकार हस्तशिल्प कामगारों के बच्चों को भी इस प्रकार की छात्रवृत्ति प्रदान करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार उक्त योजना के अंतर्गत हथकरघा बुनकरों को उनके उत्पादों के निर्यात हेतु सहायता प्रदान करती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और ओडिशा राज्यों में आयोजित की गई प्रदर्शनियों, कार्यक्रमों, शिल्प मेलों आदि की संख्या का ब्यौरा क्या है; और
(च) गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और ओडिशा राज्यों में क्रमशः विशेषकर नवसारी, प्रतापगढ़, पाली और बालासौर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में पहचान किए गए कुल वृहत और लघु हथकरघा संकुलों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) और (ख) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार हथकरघा बुनकरों/कामगारों के बच्चों को राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के एक घटक हथकरघा बुनकर कल्याण योजना के तहत, मान्यता प्राप्त वस्त्र संस्थानों के डिप्लोमा/अंडर ग्रेजुएट/पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए प्रति बच्चा (2 बच्चों तक) अधिकतम 2.00 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान कर रही है। यह पहल अक्टूबर, 2021 में शुरू की गई थी। इस योजना घटक की शुरुआत के बाद से, देश भर में 64 हथकरघा बुनकरों/कामगारों के बच्चों को छात्रवृत्ति के रूप में 35.13 लाख रुपये की राशि स्वीकृत/जारी की गई है। छात्रवृत्ति के अंतर्गत शामिल लाभार्थियों का राज्य-वार ब्यौरा इस प्रकार है:

क्र. सं.	राज्य का नाम	लाभार्थियों की कुल सं.
1	आंध्र प्रदेश	1
2	गुजरात	1
3	कर्नाटक	11
4	मध्य प्रदेश	2
5	महाराष्ट्र	1
6	तमिलनाडु	12
7	तेलंगाना	6
8	उत्तर प्रदेश	30
	कुल	**64**

भारत सरकार पूरे देश में हथकरघा बुनकरों/कामगारों के बच्चों को छात्रवृत्ति सहित हथकरघा योजनाओं के लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए संबंधित राज्य सरकार से निकट समन्वय के साथ नियमित रूप से जागरूकता शिविर/चौपाल आयोजित कर रही है।

(ग): हस्तशिल्प कारीगरों के बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए मौजूदा हस्तशिल्प योजना के तहत ऐसा कोई प्रावधान उपलब्ध नहीं है।

(घ): हथकरघा उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद, राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम और हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद अंतर्राष्ट्रीय मेलों/कार्यक्रमों में भाग लेते/आयोजित करते हैं। जिसका ब्यौरा इस प्रकार हैं:

वित्तीय वर्ष	आयोजनों की संख्या (भौतिक/आभासी)	प्रतिभागियों की संख्या
2020-21	12	375
2021-22	14	317
2022-23	20	470
2023-24 (30.11.2023 तक)	6	222

(ङ) 2020-21 से 2023-24 (30.11.2023 तक) के दौरान गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, ओडिशा के लिए स्वीकृत राज्य-वार हथकरघा एक्सपो, शिल्प मेलों आदि की संख्या का ब्यौरा इस प्रकार है:

क्र. सं.	राज्य का नाम	आयोजनों की कुल संख्या
1	गुजरात	7
2	उत्तर प्रदेश	50
3	राजस्थान	8
4	ओडिशा	19

(च) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार उत्पाद और डिजाइन विकास जैसे विभिन्न अंतःक्षेपों के कार्यान्वयन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों से व्यवहार्य प्रस्ताव प्राप्त होने पर वर्कशेड के निर्माण, उन्नत करघे और सहायक उपकरण, लाइटिंग यूनिट्स, मार्केटिंग सहायता आदि के लिए मेगा क्लस्टर विकास कार्यक्रम के तहत प्रति क्लस्टर 30.00 करोड़ रुपये तक और लघु क्लस्टर विकास कार्यक्रम के तहत प्रति क्लस्टर 2.00 करोड़ रुपये तक की आवश्यकता आधारित वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। देश भर में 2020-21 से 2023-24 (30.11.2023 तक) तक कुल 249 लघु क्लस्टर विकास कार्यक्रमों को वित्तीय सहायता दी गई है। तथापि, गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, ओडिशा के संबंध में 2020-21 से 2023-24 (30.11.2023 तक) वित्तीय सहायता प्राप्त लघु क्लस्टर विकास कार्यक्रमों का राज्य-वार ब्यौरा इस प्रकार है:-

क्र. सं.	राज्य का नाम	क्लस्टरों की कुल सं.
1	गुजरात	04
2	उत्तर प्रदेश	28
3	राजस्थान	02
4	ओडिशा	04

गुजरात के नवसारी जिले, उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले, राजस्थान के पाली जिले और ओडिशा के बालासोर जिले के लिए मेगा और लघु हथकरघा क्लस्टर के संबंध में कोई पूर्ण प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****